<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक – 17.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1- विधानसभा के बजट सत्र का आज 16वां दिन, सदन के पटल पर रखे जाएंगे कई महत्वपूर्ण विधायी कार्य।

2- झारखंड हाईकोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में उम्र सीमा की कट–ऑफ तिथि को लेकर दायर याचिका खारिज की, हस्तक्षेप करने से किया इनकार।

3- रांची में फार्मा अन्वेषण 2026 का आयोजन; स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने छात्रों से अनुसंधान और स्टार्टअप में आगे बढ़ने का किया आह्वान।

4- पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण राज्य के लगभग सभी जिलों में मेघ गर्जन के साथ हुई हल्की बारिश, मौसम विभाग ने आज के लिए भी जारी किया अलर्ट।

5- रांची में आज से 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेल–कूद प्रतियोगिता, दो हजार से ज्यादा प्रतिभागी दिखायेंगे अपना कौशल।

********************

विधानसभा के बजट सत्र का आज 16वां दिन है। आज सदन के पटल पर कई अहम विधायी कार्य सूचीबद्ध हैं। सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी, जिसमें राज्य की ज्वलंत समस्याओं और विकास योजनाओं पर विधायकों के सवालों का सरकार जवाब देगी।

********************

रांची के लोक भवन में कल विधानसभा के बजट सत्र 2026 के उपलक्ष्य में एक विशेष रात्रि भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो की उपस्थिति में आयोजित इस स्नेह मिलन कार्यक्रम में राज्य के मंत्री, विधायक और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए।

********************

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देश में कच्चे तेल की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है और सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी पेट्रोल की कमी की कोई खबर नहीं है। संयुक्त सचिव ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग में बढोत्तरी हुई है।

********************

झारखंड हाईकोर्ट ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 में उम्र सीमा की कट–ऑफ तिथि को लेकर दायर याचिका को खारिज कर दिया है। न्यायमूर्ति आनंदा सेन की अदालत ने स्पष्ट किया कि उम्र सीमा तय करना सरकार का नीतिगत निर्णय है और इसमें न्यायालय हस्तक्षेप नहीं करेगा। मधुसूदन शर्मा और अन्य की ओर से दायर इस याचिका में कट–ऑफ तिथि को 1 अगस्त 2022 के बजाय 1 अगस्त 2018 करने की मांग की गई थी।

********************

रांची के नामकुम स्थित आईपीएच ऑडिटोरियम में कल फार्मा अन्वेषण झारखंड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डा. इरफान अंसारी कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने छात्रों से शोध और नवाचार में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने में फार्मेसी की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। आरकेडीएफ यूनिवर्सिटी के कुलसचिव अमित कुमार पांडेय ने बताया कि इस दौरान शोध और स्टार्टअप पर आधारित प्रतियोगिताओं में विभिन्न राज्यों के विद्यार्थियों ने अपने मॉडल पेश किए।

********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कल विधानसभा में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक अभिषेक सिंह और अन्य अधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने एनआईसी द्वारा तैयार की गई विशेष कॉफी टेबल बुक का लोकार्पण किया।

इस पुस्तक में झारखंड में एनआईसी द्वारा संचालित ई–गवर्नेंस परियोजनाओं और डिजिटल नवाचारों का विस्तृत विवरण दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद रहे।

********************

देश के सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में शामिल रांची सदर अस्पताल जल्द ही नेत्र रोगियों के लिए एक विशिष्ट सेवा शुरू करने जा रहा है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप के कारण होने वाले रेटिना हेमरेज का इलाज अब यहां बहुत कम दरों पर उपलब्ध होगा। उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह ने बताया कि निजी क्लीनिकों में जिस इंट्राविट्रियल इंजेक्शन पैकेज के लिए 40 हजार से एक लाख रुपये तक वसूले जाते हैं, वह सदर अस्पताल में मात्र 5 से 6 हजार रुपये में मिलेगा। जबकि आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क दी जाएगी।

********************

रांची में झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा, जेटेट जल्द आयोजित करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया। इस लाठीचार्ज में आजसू छात्र संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो समेत कई छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। इसके बाद से प्रदर्शनकारियों में आक्रोश है।

********************

पश्चिमी विक्षोभ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण राज्य के मौसम में बड़ा बदलाव आया है। राज्य के लगभग सभी जिलों में कल गरज के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई, जिसमें सबसे अधिक 56 मिलीमीटर बारिश गिरिडीह में हुई। वहीं खूंटी, पाकुड़ और धनबाद के कई इलाकों में ओलावृष्टि भी हुई है। मौसम विभाग ने 22 मार्च तक राज्य में बादल छाए रहने और मेघ गर्जन के साथ रुक–रुक कर बारिश का अनुमान जताया है। आज उत्तर–पश्चिमी जिलों को छोड़कर राज्य के शेष हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आने की उम्मीद है।

********************

रांची में आज से 17वीं झारखंड राज्य स्तरीय पुलिस खेल–कूद प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि डीजीपी तदाशा मिश्रा शामिल होंगी। 19 मार्च तक चलने वाले इस आयोजन में महिला और पुरुषों की 26 टीमें हिस्सा लेंगी। जैप–1, होटवार और मोरहाबादी के विभिन्न स्टेडियमों में फुटबॉल, एथलेटिक्स और कुश्ती समेत कई मुकाबले होंगे, जिनमें दो हजार से अधिक प्रतिभागी अपना कौशल दिखाएंगे।

********************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के स्थानीय निकायों में भारी वित्तीय गड़बड़ी की खबर को पहले पन्ने पर स्थान दिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– सीएजी रिपोर्ट में खुलासाः पंचायतों–नगर निकायों में 2 हजार 928 करोड़ की गड़बड़ी हुई।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– होमुर्ज पर अमेरिका अकेला पड़ा, अपनों ने साथ छोड़ा।

प्रभात खबर के शब्द हैं– मैथिली में डा. महेन्द्र व संताली के लिए सुमित्रा सोरेन को साहित्य अकादमी पुरस्कार।

दैनिक जागरण लिखता है– बिरसा मुंडा एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट।

***************